# Haryana : गुरुग्राम, फरीदाबाद व पंचकूला में कामकाजी महिलाओं के लिए बनेंगे हॉस्टल : मनोहर लाल



**Hostel will be made for working women : चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आम बजट में नागरिकों के हितार्थ की गई योजनाओं एवं घोषणाओं को तुरंत प्रभाव से क्रियान्वयन करें ताकि उनका लाभ जल्द से जल्द मिलना आरम्भ हो जाए। मुख्यमंत्री ने 15 विभागों की लगभग 67 नई घोषणाओं पर विस्तार से समीक्षा कर उन्हें समयबद्ध ढंग से क्रियान्वयन करने निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शनिवार को यहां प्रशासनिक सचिवों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चैटाला, स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे.पी.दलाल, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ओमप्रकाश यादव, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा, श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री अनूप धानक भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल के दौरान विभिन्न योजनाओं व विकास कार्यो के क्रियान्वयन में बाधाएं आई, लेकिन अब हमें तेजी से कार्य कर लोगों को लाभान्वित करना है। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम, फरीदाबाद व पंचकूला में कामकाजी महिलाओं के लिए होस्टल बनाए जाएंगे। इनकी सभी औपचारिकताएं इसी माह पूरी करके अगले माह से कार्य आरम्भ कर दिया जाए। इसके अलावा

औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों के बच्चों के लिए क्रेच सेंटर चलाने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए।

## 80 साल से अधिक आयु के अकेले रह रहे बुजुर्गों का हालचाल पूछेगी सरकार

मनोहर लाल ने कहा कि साइबर क्राइम की इन्वेस्टिगेशन के लिए हर जिले में थाने शुरू किए जाए ताकि यह थाने एडीजीपी मुख्यालय को सीधे अपनी रिपोर्ट अप्रैल माह से भेजना सुनिश्चित कर सके। इसके अलावा सुरक्षा प्रहरी योजना के तहत 80 साल से अधिक आयु के अकेले रहने वाले बुजुर्गों का हर माह हालचाल पूछने के लिए सम्पर्क स्थापित किये जाने का कार्य भी जल्द शुरू किया जाए।

## गरीब परिवारों के लिए युवाओं के लिए खुलेंगे कोचिंग सेंटर

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1.80 लाख रुपए से कम आय वाले परिवारों के युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु कोचिंग सेंटर तुरंत प्रभाव से शुरू किए जाएं। चिरायु हरियाणा योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए पोर्टल तैयार किया जाए ताकि उनका रजिस्ट्रेशन कर स्वास्थ्य लाभ देने की प्रक्रिया शुरू की जा सके। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य करने वाली चैरिटेबल संस्थाओं का इसमें सहयोग लिया जाए, जिससे लोगों का स्वास्थ्य चैकअप जल्द हो सके। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज एवं नर्सिंग कॉलेज के कार्यो में तेजी लाई जाए।

## ड्रोन खरीदने पर मिलेगी 75 प्रतिशत सब्सिडी

पशुओं के उपचार के लिए चलाई जाने वाली 70 मोबाईल युनिट भी जल्द शुरू की जाए। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ड्रोन व्यवस्था की प्रक्रिया पूरी कर प्रशिक्षण देने का कार्य भी आगामी माह से शुरू किया जाए। ड्रोन खरीदने पर 75 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सडक़ों पर बेसहारा गाय न रहें, इसके लिए सरकार ने गौशालाओं को ग्रांट देने की प्रक्रिया शुरू की है। इसमें गौशाला संचालक स्वंय रूचि लेकर बेसहारा गायों को आश्रय देंगे तभी उन्हें ग्रांट का लाभ मिलेगा।

Source URL: https://www.arthparkash.com/hostel-will-be-made-for-working-women